**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.04.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में फर्स्ट टाइम वोटरों की संख्या बाइस लाख तैंतीस हजार सात सौ अढ़तीस, पच्चासी वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन आयोग देगी 'होम वोटिंग' की सुविधा।**
2. **पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसएलपी पर आज सर्वोच्च न्यायालय में आंशिक सुनवाई के बाद याचिका ली वापस।**
3. **कोल कंपनी सीसीएल और ईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में निर्धारित कोयला उत्पादन के लक्ष्य को किया पार, सभी मापदंडों में दर्ज की वृद्धि।**
4. **गढ़वा पुलिस ने जेजेएमपी के उदग्रवादी को आंध्र प्रदेश से किया गिरफ्तार, एक राइफल, 41 गोलियां समेत कई दस्तावेज बरामद।**

**और**

5. **जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकुड़ ने लातेहार को 18 रनों से किया पराजित।**

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया है कि इस चुनाव में प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या बाइस लाख तैंतीस हजार सात सौ अढ़तीस है। राज्य में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के दौरान 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 95 नए मतदान केन्द्रों का गठन किया और कुल 38 मतदान केन्द्रों को निकटवर्ती मतदान केन्द्र के साथ विलोपित किया गया है। राज्य में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या उनतीस हजार पांच सौ इक्कीस हो गई है। राज्य में 85 वरिष्ठ और निर्धारित सीमा के तहत आने वाले दिव्यांग मतदाताओं को 'होम वोटिंग' की सुविधा उपलब्ध करायी गई है।

******************

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से इलेक्शन मस्कट आई भाई, एक रैप सॉन्ग और स्थानीय भाषा में बने एक एल्बम को आज रांची स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जारी किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान खासकर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आई भाई शुभंकर और स्थानीय भाषाओं में गाने को लांच किया गया है। उन्होंने बताया कि मीडिया जगत समेत 16 अनिवार्य सेवा के सेक्टर से जुड़े मतदाताओं के लिए बैलट पेपर से मतदान की व्यवस्था की जा रही है।

******************

साहेबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि साहेबगंज जिला की राजमहल निर्वाचन क्षेत्र में 7वें चरण में चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में मतदान काम में लगे प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट पेपर की व्यवस्था रहेगी। लोकसभा चुनाव –2024 में सभी मतदान केंद्र आदर्श बनायें जायेंगे। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने हेतु सुगम सुविधा रहेगी। इधर, रामगढ़ में भी उपायुक्त ने बैठक कर जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं देवघर में सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर आज सर्वोच्च न्यायालय में आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन के वकील ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। हेमंत सोरेन ने इस साल 23 मार्च से 2 मार्च तक हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पीएमएलए कोर्ट और हाईकोर्ट से अनुमति मांगी थी, लेकिन दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने की अनुमति प्रदान नहीं कि थी।

******************

लोहरदगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग की ओर से हस्ताक्षर अभियान लोहरदगा रेलवे स्टेशन में चलाया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में यात्रियों से इस बार लोकसभा आम चुनाव में बढ़–चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और 13 मई 2024 को आवश्यक रूप से अपना मतदान करने की अपील की गई। लोहरदगा जिला में इस वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में सभी मापदंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है। बिजली संयंत्रों को सीसीएल ने सड़सठ मिलियन टन प्रेषण के वार्षिक लक्ष्य को पार करते हुए उनहत्तर मिलियन टन तक पहुंच गया। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के भविष्यवादी दृष्टिकोण से प्रेरित कंपनी ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा किया। सीसीएल के सीएमडी, ने कहा कि कंपनी खनन कर राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन की गति को बनाए रखने के लिए, कर्मियों को उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कोयला उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति को बनाए रखने के लिए खनन क्षेत्रों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उत्पादन दिवस के रूप में मनाया जाता था।

******************

देवघर जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता को लेकर आज  जलसार पार्क में सैकड़ो की संख्या में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लिए पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मौके पर देवघर उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इलेक्ट्रोल में जोड़ने औए ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें इसको लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावे लोगों को इवीएम की जानकारी भी दी जा रही है।

******************

हजारीबाग जिले में जंगल में आग नहीं लगे, इसके लिए वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने फरवरी माह से ही तैयारी प्रारंभ कर दी है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

**साउंड बाईट–गौरव प्रका�ा, हजारीबाग–51 सेकेंड**

******************

भारतीय जनता पार्टी के रांची महानगर कार्यालय में आज विधानसभा का बूथ स्तरीय सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में प्रवास कार्यक्रम और बूथ सम्मेलन कार्यकर्ताओं मे उत्साह भरने और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पड़ने वाले वोट में दस प्रतिशत का इजाफा करना है।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की तरफ से लगातार लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान चलता रहेगा।

*******************

गढ़वा पुलिस और सीआरपीएफ बटालियन को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य और ढेंगुरा जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ का आरोपी राहुल केशरी को आंध्रप्रदेश के भीमावरम से गिरफ्तार किया है। राहुल के निशानदेही पर सीआरपीएफ और जिला बल के जवानों ने एक इंसास रायफल, 41 राउंड गोली और 4 मैगजीन बरामत किये हैं।

*******************

जमशेदपूर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक के मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग लोगों के लिए घर बैठे मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई है। इन सभी मतदाताओं को फॉर्म बारह डी भरना होगा। इसके बाद पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने मत का इस्तेमाल कर सकेंगे।

*******************

गुमला में खेले जा रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले गये रोमांचक मुकाबले में पाकुड़ ने लातेहार को 18 रनों से पराजित किया। जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में पाकुड़ की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते पूरी एक सौ बावन रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी लातेहार की पूरी टीम एक सौ चौतीस रनों पर सिमट गयी।

*******************

शेफाली बी0 शरण ने कल मनीष देसाई की सेवानिवृत्ति के बाद आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। सुश्री शरण भारतीय सूचना सेवा के 1990 बैच की अधिकारी हैं। वह भारत निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता के रूप में भी काम कर चुकी हैं।

*******समाप्त**********